इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 192] भोपाल, सोमवार, दिनांक 22 अप्रैल 2013—वैशाख 2, शक 1935

खेल और युवा कल्याण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 अप्रैल 2013

क्र. एफ -2-49-2012-नौ.—राज्य शासन, एतद्द्वारा मलखम्ब को मध्यप्रदेश का राज्य खेल घोषित करता है.

मलखम्ब भारत की प्राचीन खेल विधा है. इसकी तकनीक परम्परागत है और यह आधुनिक खेल विधाओं की जननी है. मलखम्ब से खिलाड़ियों का मानसिक तीव्रता अन्य खेलों के खिलाड़ियों की अपेक्षा अधिक तीव्र गति से विकसित होती है. मुख्यत: मलखम्ब के खिलाड़ी किसी भी खेल के लिए उपयुक्त और दक्ष हो सकते हैं. कम से कम समय में शरीर के प्रत्येक अंग को अधिक से अधिक व्यायाम देने वाला यह विश्व के एकमात्र खेलों में से एक है. कुश्ती, जिम्नास्टिक, पोलवाल्ट आदि खेलों में मलखम्ब के खिलाड़ी विशेष दक्षता प्राप्त कर सकते हैं. कुश्ती जैसे खेलों के लिए तो यह खेल अत्यंत लाभकारी है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

अशोक शाह, सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.